# एनसीसी

## सत्र 2022–2023 का वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2022–2023 में एनसीसी की समस्त गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें निम्नलिखित गतिविधियां प्रमुख हैं–

### 1. यातायात नियम एवं सडक सुरक्षा तथा बेसिक लाईफ सपोर्ट ट्रेनिंग

एनएसएस, एनसीसी, महिला प्रकोष्ठ, राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं ''सहायता'' एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में यातायात नियम एवं सडक सुरक्षा तथा बेसिक लाईफ सपोर्ट ट्रेनिंग पर कार्यशाला का आयोजन दिनांक 23.11.2022 को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य–अतिथि उपखण्ड अधिकारी जीतु कुलहरि ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से विद्यार्थियों को सीख लेते हुए जिम्मेदारी का भाव जाग्रत करना चाहिए तथा सडक दुर्घटाना में पीडित की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियो को कॉलेज शिक्षा के दौरान मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पण भाव से अग्रसर होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विमल कुमार नेहरा ने बताया कि दुर्घटना से बचाव के लिए धैर्य, संयम, अनुशासन आदि आवश्यक है। उन्होंनें आम जन को सडक यातायात संबंधी नियमों की पालना एवं जागरूकता का आह्वान किया। जिला परिवहन अधिकारी श्री नरेश ने वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। छात्र संघ अध्यक्ष श्री मुकेश खीचड ने विद्यार्थियों से सामाजिक जागरूकता पर आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों में अधिकाधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के हित में बताया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को पावर पॉईंट प्रजेंन्टेशन के माध्यम से जीवन रक्षक उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर छोटाराम मेघवाल एवं एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा एवं संकाय सदस्य प्रोफेसर हबीब खान,डॉ. अजय शर्मा, डॉ.अतुल गर्ग एवं डॉ. के.के. मिश्रा उपस्थित रहें। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. मनीषा गोदारा ने कार्यक्रम में उपस्थित आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अरूण व्यास एवं डॉ.रेखा वर्मा ने किया।

डीडवाना कुचामन भास्कर 24-11-2022

# कॉलेज में यातायात नियमों की दी जानकारी

## डीडवाना के बांगड़ कॉलेज में कार्यशाला का हुआ आयोजन

भास्कर संवाददाता | डीडवाना|

स्थानीय राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, राजकीय कन्या महाविद्यालय, महिला प्रकोष्ठ एवं ''सहायता'' एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में यातायात नियम एवं सडक सुरक्षा तथा बेसिक लाईफ सपोर्ट ट्रेनिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी जीतु कुल्हरि ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से विद्यार्थियों को सीख लेते हुए जिम्मेदारी का भाव जाग्रत करना चाहिए तथा सडक दुर्घटना में पीडित की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज शिक्षा के दौरान मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पण भाव से अग्रसर होने का आह्वान किया। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा ने बताया कि दुर्घटना से बचाव के लिए धैर्य, संयम, अनुशासन आदि आवश्यक है। जिला परिवहन अधिकारी नरेश ने वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश खीचड ने विद्यार्थियों से सामाजिक जागरूकता पर आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों में अधिकाधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के हित में बताया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को पावर पॉईंट प्रजेंन्टेशन के माध्यम से जीवन रक्षक उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान प्रो. छोटाराम मेघवाल, प्रो. कुलदीप शर्मा, प्रो.हबीब खान, डॉ.अजय शर्मा, डॉ.अतुल गर्ग, डॉ. केके मिश्रा, डॉ. मनीषा गोदारा, डॉ.अरूण व्यास, डॉ.रेखा वर्मा आदि उपस्थित थे।

2. **संविधान दिवस 26** नवम्बर 2022 –महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, के संयुक्त तत्वावधान में सेमीनार हॉल में संविधान दिवस का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए सभी को शपथ दिलाई तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान की प्रस्तावना के मूल शब्दों के मार्मिक अर्थ को समझाया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.अरूण व्यास ने संविधान सभा के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर संवाद करते हुए संविधान निर्माण में डॉ.बी.आर.अम्बेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर सी.आर.मेघवाल ने भारत में गणतान्त्रिक परम्पराओं पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान को सर्वसमावेशी और प्रगतिशील बताया जो प्रत्येक नागरिक को अपना विकास करने का अवसर प्रदान करता है। छात्रसंघ अध्यक्ष श्री मुकेश खीचड ने बाबा साहेब अम्बेडकर को आधुनिक भारत के राष्ट्र–निर्माता और नागरिक अधिकारों के संरक्षक बताया। मंच का संचालन एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा ने किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ.अजय शर्मा, डॉ. के.के. मिश्रा आदि उपस्थितरहें।



दैनिक भास्कर डीडवाना कुचामन भास्कर 27-11-2022

मकराना. भारतीय संविधान का पालन करने की शपथ लेते विद्यार्थी।

मौलासर. फोगड़ी में संविधान दिवस के रुप में मनाय गया।

कुचामन सिटी. विचार गोष्टी में भाग लेने वाली प्रतिभागी।

आयोजन • आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया

# संविधान दिवस पर बच्चों को दी कई जानकारियां

भास्कर संवाददाता|मकराना

भारतीय संविधान दिवस पर मकराना के विद्यालयों में शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर मकराना की विधिक सेवा समिति के पेनल अधिवक्ताओं ने स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को भारतीय संविधान और उसके प्रस्तावना की जानकारी दी। समिति के पैनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी ने सदर बाजार स्थित काजी मेमोरियल सीनियर सैकण्डरी स्कूल में छात्र छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना व मूल सिद्धांत बताए। इस अवसर पर काजी इरफान अली, मोहम्मद युसुफ, फरान अहमद, अनीश अहमद, अब्दुल रहीम आदि मौजूद थे।

**डेगाना आंचलिक**। एन.एस.एस के तत्वावधान में शनिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

जिसमें एन.एस. एस. प्रभारी ओमप्रकाश ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस की प्रस्तावना, मूल कर्तव्य, मूल अधिकारों की जानकारी देते हुवे भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। सहायक आचार्य रमेश ईनाणियां ने बताया कि महाविद्यालय सहायक आचार्य सुरेश कन्दोई ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संदीप कुमार, प्रकाश पेडीवाल, मनीष जोशी एवं सुखराम आदि मौजूद रहे।

**बूडसू**। गांव बरवाली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी एवं व्याख्याता राजेश कुमार के अनुसार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में संविधान से संबंधित कुल 30 प्रश्न शामिल किए गए।

## बांगड़ महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस

डीडवाना. संविधान दिवस पर राजकीय बांगड़ महाविद्यालय सभागार में शपथ लेते हुए।

**डीडवाना**। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में सेमीनार हॉल में संविधान दिवस का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए सभी को शपथ दिलाई। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने संविधान सभा के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर संवाद करते हुए संविधान निर्माण में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर सी.आर.मेघवाल ने संबोधित किया। छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश खीचड ने बाबा साहेब अम्बेडकर को आधुनिक भारत के राष्ट्र-निर्माता और नागरिक अधिकारों के संरक्षक बताया। मंच का संचालन एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा ने किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ.अजय शर्मा, डॉ. के.के. मिश्रा आदि उपस्थित रहें। इसी प्रकार श्री बांगड़ महिला महाविद्यालय में भी संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. साजिदा खान ने छात्राओं को संविधान के महत्त्व एवं मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

डीडवाना. बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।

**डीडवाना**। नगर के लाडनूं रोड स्थित अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया।

डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया जिलाध्यक्ष तनवीर कुमार ने संबोधित किया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हरलाल बरवड़, नितिन टाक, विकास परिहार, रवि गांधी, एडवोकेट सुरेश जोया, सुनील मेघवाल, नानूराम बरवड़, इन्द्र मेघवाल, चिंटू दयालपुरा, हकीम खान, तनवीर खान, सुनील जोया, कमलेश गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## विचार गोष्ठी का आयोजन किया

**कुचामन सिटी**। आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का विषय राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान था। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक डॉ. राजाराम प्रजापति ने करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संघर्षमयी जीवन जीते हुए शिक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर सोनू कंवर, कृष्णा कंवर, राधिका प्रधान, अमृता चौधरी, निशा बिजारणियां ने संविधान दिवस की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विभिन्न पक्षों पर अपने मत व विचार रखें। विचार गोष्ठी में राजनीति विज्ञान के व्याख्याता प्रोफेसर कुन्नाराम बेड़ा ने संबोधित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गौरीशंकर निमिवाल ने आभार जताया। इस अवसर पर निशिकांत छिपा, मुकेश कुमार ढ़ाका, अश्विनी कुमार यादव, सुमन चौधरी, कंचन कंवर, पूनम राठौड़, विपुल भटेजा, रामावतार कुमावत, दीपक सीरवी, अनिल कुमार मौजूद रहे।

## संविधान दिवस पर संविधान रक्षा की शपथ ली

**परबतसर**। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व हनुमान सहाय अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति परबतसर के निर्देशानुसार शनिवार को संविधान दिवस कार्यक्रम ग्राम पंचायत गिंगोली के सभागार भवन में आयोजित किया गया। संविधान विषय कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच घीसालाल माली ने की। सर्व प्रथम भारतीय संविधान की प्रस्तावना लालाराम मेघवाल सचिव कल्याणी संस्थान गिंगोली के द्वारा पढ़कर सुनाई गई। महेन्द्र सैनी द्वारा संवैधानिक अधिकारों को लेकर जानकारी साझा की गई। **लाडनूं**। नेहरू युवा केंद्र संगठन की जिला युवा अधिकारी सुरमयी शर्मा के निर्देशन में लाडनूं ब्लॉक के ग्राम मणूं के युवामंडल सदस्यों द्वारा समारोह पूर्वक संविधान दिवस मनाया गया। युवा स्वयंसेवक डूंगर परिहार और युवा मंडल सदस्य राकेश ने बताया कि इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मनीषा परिहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संविधान के मूल अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। इस अवसर पर जयपाल, ओमप्रकाश, गिरधारी, भागीरथ, महेंद्र, अशोक परिहार, सुरेश, मनीषा परिहार आदि उपस्थित रहे।

**मौलासर**। नेहरू युवा केंद्र,नागौर की जिला युवा अधिकारी सुरमयी शर्मा के निर्देशानुसार मौलासर पंचायत समिति के ग्राम फोगड़ी में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विनोद जांगिड़ द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम के तहत विनोद जांगिड़ ने युवाओं को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अनेक लोग कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

परबतसर. ग्राम पंचायत गिंगोली में संविधान की शपथ लेते ग्रामीण।

लाडनूं. ग्राम मणूं में संविधान दिवस पर शपथ लेते हुए युवा।

## टैगोर शिक्षा समूह द्वारा हुआ आयोजन

कुचामन सिटी. संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

**कुचामन सिटी**। टैगोर शिक्षा समूह द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार वर्षीय बीए-बीएड, बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत श्री टैगोर इंटीग्रेटेड महाविद्यालय, डॉ. राधाकृष्णन इंटीग्रेटेड महाविद्यालय एवं विवेकानंद इंटीग्रेटेड महाविद्यालय, दो वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययनरत टैगोर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, श्री टैगोर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डॉ. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय, के सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता सागर के द्वारा राष्ट्र निर्माण में महत्व बताया। श्री टैगोर इंटीग्रेटेड महाविद्यालय से प्रथम वर्ष में अध्ययनरत धनराज जाट द्वारा संविधान सभा पर विचार, सरीता सारण द्वारा संसद का चार्ट, अनिता स्वामी द्वारा संविधान क्यों पढना चाहिए, सोनिया गोदारा द्वारा देश भक्ति कविता व मॉडल प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. बाबू लाल बुनकर ने विचार व्यक्त किए।

## 3. दिनांक 27 नवम्बर 2022 को आयोजित एनसीसी दिवस  के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम

3.1. स्वच्छ भारत अभियान– 23 नवम्बर 2022 से 24 नवम्बर 2022 तक।

3.2.''पुनीत सागर अभियान''–25 नवम्बर 2022

3.3. रक्तदान शिविर–26 नवम्बर 2022

3.4. एनसीसी दिवस– 27 नवम्बर 2022

## 3.1. स्वच्छ भारत अभियान

2 राज. बटालियन एनसीसी चुरू के आदेश क्रमांक 1009/G/NCC के अनुसार दिनांक 27 नवम्बर 2022 को एनसीसी दिवस के तत्वावधान में दिनांक को **स्वच्छ भारत अभियान** का आरम्भ किया गया। द्वि–दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन दिनांक 23.11.2022 से 24.11.2022 तक  किया गया। जिसमें एनसीसी –कैडेट्स अपने आस पास के क्षेत्र की साफ–सफाई कर समाज में स्वच्छता कें प्रति जागरूकता का प्रसार किया। कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने प्रतिदिन स्वच्छता के लिए समय देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अन्त में एनसीसी प्रभारी श्री कुलदीप शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के तहत होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।






कुचामन भास्कर 24-11-2022



डीडवाना. आमजन को स्वच्छता का संदेश देते एनसीसी कैडेट्स।


# आमजन को दिया स्वच्छता का संदेश

## अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने की साफ- सफाई

भास्कर संवाददाता | डीडवाना

स्थानीय राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में एनसीसी के तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। एनसीसी के तत्वावधान में 26 नवम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन कर आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी, एनसीसी अधिकारी कुलदीप शर्मा, डॉ. अरूण व्यास आदि उपस्थित थे।





## 3.2. पुनीत सागर अभियान

इस अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स द्वारा सिंघी तालाब के मुख्य घाटों एवं बरामदों की सफाई की गई तथा जलस्रोतों में मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरें को साफ किया गया। इसके साथ ही इसके किनारों को साफ रखने की जनजागृति को समाज में फैलाने तथा अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण की प्रक्रिया को समझाया गया।



**सिंघी तालाब के मुख्य घाट व बरामदों की सफाई**

**एनसीसी के तत्वाधान में चलाया पुनित सागर अभियान**

**डीडवाना।** राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में एनसीसी के तत्वावधान में पुनित सागर अभियान 2 राज. बटालियन एनसीसी चुरू के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेट कर्नल पंकज कुमार के निदर्शोनुसार एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सिंघी तालाब के मुख्य घाटों एवं बरामदों की साफ-सफाई की गई। प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी के बताया कि एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में जलस्त्रोतों में मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को साफ किया गया। साथ ही इनके किनारों को साफ रखने की जनजागृति को समाज में फैलाने के लिए एनसीसी द्वारा 'पुनीत सागर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने सिंघी तालाब के प्राचीन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इस कार्य को पुनीत कार्य बताया तथा गांव में मौजूद जलस्त्रोतों में स्थित प्लास्टिक आदि अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण की प्रक्रिया को समझाया। इसके अलावा बटानियन से पीआई कुंभाराम ने अभियान की उपयोगिता बताई। इस दौरान एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश खीचड, सीनियर कैडेट गिरिधारी तेतरवाल, ललिता लोमरोड आदि मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति

2 अजमेर, शनिवार, 26 नवम्बर, 2022

## सिंघी तालाब के मुख्य घाट व बरामदों की सफाई

### एनसीसी के तत्वावधान में चलाया पुनित सागर अभियान



डीडवाना। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में एनसीसी के तत्वावधान में पुनित सागर अभियान 2 राज. बटालियन एनसीसी चुरू के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज कुमार के निर्देशानुसार एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सिंघी तालाब के मुख्य घाटों एवं बरामदों की साफ-सफाई की गई। प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी के बताया कि एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में जलस्त्रोतों में मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को साफ किया गया। साथ ही इनके किनारों को साफ रखने की जनजागृति को समाज में फैलाने के लिए एनसीसी द्वारा 'पुनीत सागर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने सिंघी तालाब के प्राचीन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इस कार्य को पुनीत कार्य बताया तथा गांव में मौजूद जलस्त्रोतों में स्थित प्लास्टिक आदि अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण की प्रक्रिया को समझाया। इसके अलावा बटालियन से पीआई कुंभाराम ने अभियान की उपयोगिता बताई। इस दौरान एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश खीचड़, सीनियर कैडेट गिरिधारी तेतरवाल, ललिता सोमरोड़ आदि मौजूद रहे।



## 3.3. रक्तदान शिविर

एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजस्थान बटालियान एनसीसी चुरू के कमाडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेट कर्नल पकंज कुमार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में रक्तदान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी ने बताया कि रक्तदान कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा इस सेवा कार्य में 50 यूनिट रक्त इकठ्ठा किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास के अनुसार ऐसे कार्यक्रमों से समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति का निर्माण होता है और नागरिकों को कर्तव्य का बोध होता है। ऐसे कार्यक्रमों का बड़े स्तर पर आयोजन होना चाहिए जिससे जरूरतमन्द को रक्त की आपूर्ति के साथ समाज में अच्छा संदेश प्रसारित हो सके। एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर श्री कुलदीप शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स में टीम वर्क व सामाजिक सहभागिता और जन–कल्याण प्रवृत्तियों का विकास होता है। कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सी.आर. मेघवाल, प्रो. हबीब खान, डॉ. के.के. मिश्रा डॉ.अजय शर्मा, डॉ. अतुल गर्ग, छात्रसंघ अध्यक्ष श्री मुकेश खीचड, सीनियर कैडेट गिरधारी लाल तेतरवाल, ललिता लोमरोड आदि के साथ सभी संकाय सदस्य व कैडेट्स उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर — डीडवाना कुचामन भास्कर 27-11-2022

### शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित

भास्कर संवाददाता | डीडवाना |

राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान बटालियान एनसीसी चुरू के कमाडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेट कर्नल पकंज कुमार के निर्देशानुसार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी ने बताया कि रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा इस सेवा कार्य में 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। महाविद्यालय के डॉ. अरूण व्यास व एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी प्रो. सीआर मेघवाल, प्रो. हबीब खान, डॉ. केके मिश्रा, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. अतुल गर्ग, हवलदार कुम्भाराम, छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश खीचड़, सीनियर कैडेट गिरधारी लाल तेतरवाल, ललिता लोमरोड़ सहित कैडेट्स उपस्थित रहे।

### बांगड़ कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान शुरू, रक्तदान शिविर 26 को



डीडवाना। दो राज. बटालियन एनसीसी चुरू के निर्देशानुसार बांगड़ कॉलेज में एनसीसी दिवस के तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी ने बताया कि अभियान के तहत एनसीसी-कैडेट्स अपने आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर समाज में स्वच्छता कें प्रति जागरूकता का प्रसार करेंगे। तीसरे कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में 26 नवम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने प्रतिदिन स्वच्छता के लिए समय देने पर जोर दिया। अन्त में एनसीसी प्रभारी कुलदीप शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के तहत होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी दी।


19
51
SHRI BANGUR COLLEGE
CENTRAL HALL
HALL-B
NATIONAL CADET CORES
रक्तदान शिविर
दिनांक
26.11.2022
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना


आपका हार्दिक
स्वागत एवं अभिनन्दन
विश्व अहिंसा दिवस
NATIONAL CADET CORES
रक्तदान शिविर
दिनांक
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

## 3.4. एनसीसी दिवस

महाविद्यालय में एनसीसी दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जहागीर रहमान कुरैशी के अनुसार प्रतिवर्ष नवम्बर महीने के चौथे रविवार को एनसीसी दिवस का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष हम 74 वां एनसीसी दिवस का आयोजन कर रहे है, जो हमें राष्ट्रभक्ति, एकता, अनुशासन की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने एनसीसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हुए समाज मे व्याप्त समस्याओं के निराकारण में कैडेट्स की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अनुराग झंवर ने एनसीसी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर कुलदीप शर्मा ने एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कैट्स को संबोधित करते हुए छात्रसंघ मुकेश खीचड़ ने ऐसे कार्यक्रमों को छात्र हित में बताते हुए अधिकाधिक उपस्थित रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशप्रेम से ओतप्रोत भाव- विभोर करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अन्त में रक्तदान कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स गिरधारी लाल तेतरवाल,कविता, युवराज, मुकेश, जितेन्द्र व अन्य कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान कर उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन कैडेट्स ललिता लोमरोड व मनीष मंडा ने किया।



06 राजस्थान पत्रिका
नागौर, गुरुवार, 24 नवम्बर, 2022

# कैडेट्स देंगे स्वच्छता का संदेश

## एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में होंगे कार्यक्रम


डीडवाना @ पत्रिका. शहर के बांगड़ महाविद्यालय में बुधवार को राजस्थान बटालियन एनसीसी चूरू के आदेश के अनुसार एनसीसी दिवस के तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी ने कहा कि 27 नवम्बर को एनसीसी दिवस के तहत महाविद्यालय में तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत प्रथम कार्यक्रम द्वि-दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एनसीसी कैडेट्स अपने आस पास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रसार करेंगे। दूसरे कार्यक्रम में पुनीत सागर अभियान के तहत किसी तालाब को स्वच्छ किया जाएगा, जिससे बारिश के समय में उसका सदुपयोग हो सके। तीसरे कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में 26 नवम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने प्रतिदिन स्वच्छता के लिए समय देने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में एनसीसी प्रभारी कुलदीप शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## 4. विश्व योग दिवसः

21 जून 2022 को विश्व योग दिवस पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न योगासन व प्राणायाम किये गये। एनसीसी प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना है। इसलिए हमें योगा को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। योग शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक तौर पर भी फायदेमंद है। योग दिवस 2023 कह थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' थी।







श्री
बांगड कालेज
19
51
SHRI BANGUR COLLEGE DIDWANA
GPS Map Camera
Didwana, Rajasthan, India
CH28+JW9, Lalbagh Colony, Adarsh Nagar, Didwana, Rajasthan 341303, India
Lat 27.401636°
Long 74.567016°
21/06/23 09:03 AM GMT +05:30
Google